नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी
१९३८ से

### गणेश चतुर्थी पर शुभ मुहूर्त

**उज्जैन.** श्री मांतगी ज्योतिष ज्योतिर्विद पं. अजय कृष्ण शंकर व्यास के अनुसार 27 अगस्त चतुर्थी तिथि बुधवार का दिन जो स्वयं गणेश जी का दिन है, इस दिन घर अंगना मन के मंडपम में मंगलमूर्ति गणपति बप्पा का मध्याह्न में श्रेष्ठ मुहूर्त 12/36 से 01.00 के 24 मिनिट में होगा युवराज का प्राकट्य. पूजा प्रारंभ का शुभ मुहूर्त सुबह 11:04 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक रहेगा.

# स्वदेशी युद्धपोतों की ताकत

## उदयगिरि और हिमगिरि आत्मनिर्भर भारत की तस्वीर : राजनाथ

**नयी दिल्ली, 26 अगस्त (वार्ता). रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नौसेना को देश की समुद्री ताकत का प्रतीक बताते हुए कहा है कि भारत आक्रामक विस्तारवाद में विश्वास नहीं करता लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि देश हमारा नुकसान करने वालों के सामने झुक जायेगा.**

सिंह ने मंगलवार को विशाखापत्तनम में दो स्वदेशी अत्याधुनिक युद्धपोतों आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि को नौसेना के बेड़े में शामिल किये जाने के मौके पर कहा कि नौसेना भारत की समुद्री शक्ति का प्रतीक है क्योंकि यह अरब सागर से लेकर मध्य पूर्व और पूर्वी अफ्रीकी समुद्र तट तक देश के हितों की रक्षा कर रही है. उन्होंने कहा, भू-रणनीतिक स्थिति ऐसी है कि यह हमारे आर्थिक विकास को सीधे प्रभावित करने की क्षमता रखती है. हमारी ऊर्जा




आवश्यकताएँ, तेल और प्राकृतिक गैस काफी हद तक इस क्षेत्र की सुरक्षा पर निर्भर करती हैं. हमारी नौसेना हमारी राष्ट्रीय आर्थिक सुरक्षा का एक प्रमुख स्तंभ बनकर उभरी है.

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय नौसेना की त्वरित योजना और क्रियान्वयन की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, दुश्मन हमारी नौसेना की ताकत और और उसकी क्षमताओं को समझते हैं. उन्होंने ऑपरेशन के दौरान तीनों सेनाओं और अन्य सुरक्षा एजेंसियों तथा विभागों के बीच सहज तालमेल को इस बात का प्रमाण बताया कि राष्ट्र हर चुनौती का सामना एकजुट होकर करता है और उसका प्रभावी ढंग से सामना करता है.

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत विस्तारवाद में विश्वास नहीं करता लेकिन दुश्मन को जवाब देना भलीभांति जानता है.

### भारत को तलाशने होंगे नये बाजार

**नयी दिल्ली, 26 अगस्त (वार्ता).** भारतीय उत्पादों पर बुधवार से अमेरिका में आयात शुल्क और 25 प्रतिशत बढ़ाने के लिए नोटिस जारी कर दिया गया है जिसका असर इलेक्ट्रिक मशीनरी और कल-पुर्जों, सिले-सिलाये परिधान, हीरा और रसायन जैसे क्षेत्रों पर सबसे अधिक देखने को मिलेगा. अमेरिकी प्रशासन ने 27 अगस्त से भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क के लिए सोमवार को नोटिस जारी कर दिया. यह अगस्त महीने की शुरुआत में लगाये गये 25 प्रतिशत आयात शुल्क के अलावा है.




भारतीय नौसेना के जहाज उदयगिरि और हिमगिरि नौसेना में शामिल

### एक नजर में



#### शांति चाहिए तो युद्ध के लिए रहें तैयार : सीडीएस

**नयी दिल्ली.** देश के प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को भविष्य के युद्धों में विजय सुनिश्चित करने के लिए सभी क्षेत्रों में त्वरित और निर्णायक ढंग से संयुक्त प्रतिक्रिया देने का आह्वान किया. जनरल चौहान मध्यप्रदेश के डॉ. अंबेडकर नगर स्थित आर्मी वॉर कॉलेज में डॉ. अंबेडकर नगर स्थित आर्मी वॉर कॉलेज में युद्ध पर प्रौद्योगिकी का प्रभाव विषय पर युद्ध, युद्धकला और युद्ध संचालन पर पर अपनी तरह के पहली दो दिवसीय संगोष्ठी में बोल रहे थे. उन्होंने परिचालन क्षमता बढ़ाने के लिए संयुक्त प्रशिक्षण को संस्थागत बनाने, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर और क्वांटम जैसी निरंतर विकसित हो रही प्रौद्योगिकियों को आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया.

#### महाराष्ट्र में 1.77 करोड़ रुपए की शराब जब्त

**कोल्हापुर.** महाराष्ट्र में राज्य आबकारी विभाग (एसईडी), कोल्हापुर संभाग ने मंगलवार तड़के कोल्हापुर-रत्नागिरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर पडलवाड़ी में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से 1.77 करोड़ रुपये मूल्य की गोवा निर्मित विदेशी शराब की एक बड़ी खेप जब्त की. एक गुप्त सूचना के आधार पर एसईडी के भरारी दस्ते ने एक संदिग्ध आयशर ट्रक को रोका और जांच करने पर उसमें से गोवा निर्मित शराब की 1,400 पेटियां बरामद कीं. शराब और वाहन को ज़ब्त कर लिया गया है और बरामद माल की कुल कीमत 1,77,84,000 रुपये आंकी गई है.

#### शाहरुख, दीपिका के खिलाफ मामला दर्ज


**भरतपुर.** राजस्थान में भरतपुर के मथुरा गेट थाने में मंगलवार को पुलिस ने अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) संख्या-2 के आदेश पर अभिनेता शाहरुख खान, अभिनेत्री दीपिका पादुकोण सहित छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया. पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह मामला हुंडई कंपनी की एक कार के विज्ञापन में उपभोक्ताओं को कथित तौर पर कार निर्माण के दौरान कमियों के बारे में जानकारी नहीं देने से जुड़ा है. इस सम्बन्ध में भरतपुर के कीर्ति सिंह की ओर से यह इस्तगासा दाखिल किया गया था.

# 100 देशों में निर्यात होंगे इलेक्ट्रिक वाहन

## बोले मोदी- 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग

**अहमदाबाद, 26 अगस्त. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को यहां कहा कि भारत में निर्मित इलेक्ट्रिक वाहन 100 देशों में निर्यात किये जायेंगे, साथ ही देश में हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड उत्पादन भी शुरू होगा.**

मोदी ने गुजरात में अहमदाबाद जिले के हांसलपुर में सुजुकी की 'ई-विटारा' इलेक्ट्रिक कार का अनावरण, ग्रीन मोबिलिटी पहल का उद्घाटन किया और कहा कि गणेशोत्सव की उत्सव भावना के बीच मेक इन इंडिया यात्रा में एक नया अध्याय जुड़ रहा है. आज से भारत में निर्मित इलेक्ट्रिक वाहन 100 देशों में निर्यात किये जायेंगे. साथ ही घोषणा की कि देश में हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड उत्पादन भी शुरू होगा. प्रधानमंत्री ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि गणेश चतुर्थी के उत्सव के बीच, भारत की 'मेक इन इंडिया' यात्रा में एक नया अध्याय जुड़ रहा है. उन्होंने कहा कि



> प्रधानमंत्री ने दिवंगत ओसामु सुजुकी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भारत सरकार ने उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया है. उन्होंने कहा कि उन्हें मारुति सुजुकी इंडिया के लिए ओसामु सुजुकी के दृष्टिकोण के व्यापक विस्तार को देखकर खुशी हो रही है.

यह 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' के साझा लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग है. मोदी ने कहा कि आज का दिन भारत और जापान की मैत्री को एक नया आयाम देता है, उन्होंने भारत, जापान और सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन से जुड़े सभी लोगों को बधाई दी.

### भूस्खलन और बादल फटने से 10 लोगों की मौत

**जम्मू, 26 अगस्त. जम्मू के पास कटरा स्थित श्री माता वैष्णो देवी मार्ग में अर्धकुवारी के पास मंगलवार को भूस्खलन होने से पांच लोगों की मौत हो गयी और 14 अन्य घायल हो गये हैं. श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने यह जानकारी दी.**

दूसरी ओर डोडा जिले में बादल फटने से चार लोगों की मौत हो गई. श्राइन बोर्ड ने कहा कि अर्धकुवारी के पास यह भूस्खलन हुआ है. फिलहाल बचाव कार्य जारी है और घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जा रहा है. दूसरी ओर जम्मू के सभी स्कूल बुधवार को बंद रखने के आदेश दिए गए हैं. श्राइन बोर्ड और सुरक्षा बलों ने राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है.

# हनी ट्रैप में फंसे शराब कारोबारी रघुवंशी की जहरीली मौत

- ब्लैकमेलिंग और केस में फंसाने की धमकियों से टूटा कारोबारी, पांच पन्नों का सुसाइड नोट मिला
- सुसाइड नोट में गर्लफ्रेंड पर गंभीर आरोप, लाखों रुपए ऐंठने और केस में फंसाने की धमकी का किया जिक्र





नवभारत न्यूज

**इंदौर. शहर के शराब कारोबारी और पब संचालक भूपेन्द्र रघुवंशी ने हनी ट्रैप और लगातार ब्लैकमेलिंग से तंग आकर अपनी जिंदगी खत्म कर ली.** सोमवार रात अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. पुलिस को घटनास्थल से पांच पन्नों का सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उन्होंने महिला इति तिवारी का नाम लिखते हुए अपनी मौत का जिम्मेदार बताया है.

पुलिस जांच में सामने आया है कि भूपेन्द्र की मुलाकात इति तिवारी से करीब दो साल पहले एक क्लब में हुई थी. शुरुआती दौर में सबकुछ सामान्य रहा, लेकिन बाद में महिला ने पैसों की मांग और केस में फंसाने की धमकियां देना शुरू कर दीं.

(शेष पेज 12 पर)

#### 25 लाख और आईफोन.....

भूपेन्द्र ने सुसाइड नोट में लिखा है कि लाखों रुपए और महंगे उपहार देने के बावजूद दबाव खत्म नहीं हुआ. सुसाइड नोट में भूपेन्द्र ने 25 लाख रुपए और आईफोन देने के बाद भी राहत की उम्मीद की थी, लेकिन इसके बाद भी लगातार नई-नई डिमांड सामने आती रहीं. नोट में दर्ज है कि महिला ने आईफोन-17, एक फ्लैट और कार तक की मांग की.

#### घर में कैद कर दिया था.....

भूपेन्द्र ने लिखा कि वह हर वक्त फोन पर उपलब्ध रहने को मजबूर थे और कई बार सार्वजनिक जगहों पर भी अपमानित किए गए. सुसाइड नोट में भूपेन्द्र ने अपना दर्द बयां करते हुए लिखा, इति ने मुझे पूरी तरह घर में कैद कर दिया था. बाहर कहीं जाने तक की इजाजत नहीं थी, जबकि वह मुंबई में मनमर्जी करती रही. उसने मेरे फोन तक हैक करवा रखे थे और कहती थी कि उसके पास पूरा रिकॉर्ड है. एक फोन हमेशा उसके लिए फ्री रखना पड़ता था.

#### लगातार बढ़ता कर्ज और तनाव

ज्ञात हो कि भूपेन्द्र लंबे समय से शराब कारोबार से जुड़े थे. उन्होंने शोशा, पिचर्स और स्कल नाम से पब संचालित किए थे. बाद में अपोलो टॉवर में कहानी रेस्टोरेंट शुरू किया, लेकिन लगातार बढ़ते कर्ज और तनाव के चलते सब बंद करना पड़ा. परिजनों के अनुसार, हाल के दिनों में उन्होंने दोस्तों और रिश्तेदारों से मेल-जोल भी लगभग खत्म कर दिया था.

### एससीओ की 25वीं बैठक में चीन जायेंगे मोदी : विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली, 26 अगस्त (वार्ता).** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सप्ताह के अंत में तियांजिन में शंघाई सहयोग संगठन के राष्ट्राध्यक्षों की 25 वीं बैठक में भाग लेने के लिए चीन जा रहे हैं जहां आतंकवाद के मुद्दे पर विशेष रूप से चर्चा होनी है और इसके साथ ही भारत संयुक्त घोषणा पत्र में आतंकवाद की कड़ी निंदा किये जाने के लिए सदस्य देशों के साथ सहमति बनाने की कोशिशों में जुटा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एससीओ बैठक से इतर विभिन्न देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें किये जाने की भी संभावना है. विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मंगलवार को एक विशेष ब्रीफिंग में पीएम नरेंद्र मोदी की 29 अगस्त से 1 सितम्बर तक की जापान और चीन यात्रा के बारे में जानकारी दी.

# ईसी चयन में विपक्ष के नेता की नहीं सुनते पीएम : राहुल

**नयी दिल्ली, 26 अगस्त (वार्ता) कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वोट चोरी उनकी सुनियोजित योजना का हिस्सा है इसलिए मुख्य चुनाव आयोग की नियुक्ति की समय मनमानी करते हैं और विपक्ष के नेता की बात नहीं सुनी जाती है. इस यात्रा में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के साथ अन्य नेता चल रहे थे.**

राहुल गांधी ने कहा प्रधानमंत्री तय करते हैं कि इलेक्शन कमिश्नर कौन बनेगा. वहां विपक्ष के नेता की एक नहीं सुनी जाती. साल 2023 में भाजपा ने नया कानून




बनाया कि इलेक्शन कमिश्नर पर कोई मामला नहीं किया जा सकता. उन्होंने इस कानून को लेकर सवाल करते हुए कहा कि आखिर ऐसा कानून क्यों बनाया गया. उन्होंने कहा कि इसका सीधा और सरल जवाब है कि वोट चोरी करवाने के लिए ऐसा किया जाता है. रैली को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने केंद्र की भाजपा सरकार पर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने और चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि, वोटर अधिकारों की लड़ाई संविधान बचाने की लड़ाई है. अगर गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों की आवाज़ दबा दी जायेगी, तो लोकतंत्र ही खतरे में पड़ जायेगा.

> **टूटी शिक्षा व्यवस्था युवाओं के सपनों को तोड़ रही**
>
> कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को बिहार में आयोजित एक जनसभा में केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था की बदहाली राज्य के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है. उन्होंने इसे प्रेम सागर की बातें नहीं, बल्कि बिहार की युवाओं की दर्दनाक सच्चाई बताया. टूटी हुई शिक्षा व्यवस्था लाखों छात्रों के सपनों को तोड़ रही है, उन्हें बेरोजगारी के अंधेरे में धकेल रही है.



# बिजली कंपनियों में 51 हजार से अधिक नये पद भरे जाएंगे

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 26 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश की बिजली कंपनियों में 51 हजार से अधिक नए पद भरे जाएंगे. इससे बिजली कम्पनियों की स्थिति मजबूत होगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव 6 विद्युत कंपनियों के नवनियुक्त 1060 कार्मिकों को नियुक्त-पत्र वितरण और अभिनंदन समारोह को रवीन्द्र भवन में संबोधित कर रहे थे.**

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली की मेट्रो ट्रेन मध्यप्रदेश की बिजली से चल रही है. अब इस तरह की योजना बनाई जा रही है कि वर्ष 2047 तक बिजली की कोई कमी नहीं होगी, प्रदेश ऊर्जा क्षेत्र में सरप्लस रहेगा. उन्होंने कहा कि किसान भाइयों को लगभग 20 हजार 267 करोड़ रुपए की सब्सिडी इस वर्ष दी जा रही है. प्रदेश के एक करोड़ से अधिक परिवारों को बिजली विभाग ने 6445 करोड़ रुपए की सब्सिडी प्रदान की है. प्रदेश में बिजली तैयार करने के लिए हर उपलब्ध संसाधन का उपयोग किया जा रहा है. पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को भी प्रोत्साहन दिया जा रहा है. सांची को प्रदेश की पहली सोलर सिटी बनाया गया है. राज्य के 32 लाख किसानों को सोलर पंप प्रदान किए जा रहे हैं. प्रदेश में उत्पादित क्लीन एनर्जी से बिजली, उद्योग का रूप ले रही है.

> **सिंचाई के लिये दिन में मिलेगी बिजली : तोमर**
>
> ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि किसानों को अब कड़कड़ाती ठंडी रातों में सिंचाई नहीं करनी पड़ेगी. अब इन्हें सिंचाई के लिये दिन में बिजली उपलब्ध कराई जायेगी. उन्होंने अधोसंरचना सुधार के लिये राशि की जरूरत पर भी बल दिया. अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई ने कहा कि 1000 से अधिक युवा आज ऊर्जा विभाग से नियुक्ति-पत्र लेकर जाएंगे. उनका और उनके अभिभावकों का हार्दिक अभिनंदन है. प्रदेश की 6 ऊर्जा कंपनियों में 51 हजार 700 नए स्थाई पद स्वीकृत किए गए हैं. यह प्रयास प्रदेश को भारत में ऊर्जा क्षेत्र में नए मानकों के साथ स्थापित करेगा.

### गुस्ताखी माफ




वोट अधिकार यात्रा ▶ डैमेज कंट्रोल में जुटे भाजपाई रणनीतिकार

# राहुल के बढ़ते कारवां से राजग खेमे में बेचैनी

प्रवेश कुमार मिश्र

**नई दिल्ली, 26 अगस्त. बिहार विधानसभा चुनाव से पहले वोट अधिकार यात्रा पर निकले कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आक्रामक तेवर और बढ़ते कारवां को मिल रहे जनसमर्थन से राजग के रणनीतिकार परेशान हो गए हैं. भाजपाई रणनीतिकार डैमेज कंट्रोल के लिए बहुस्तरीय रणनीति बनाकर चुनाव से ठीक पहले हो रहे संभावित नुकसान से निपटने की तैयारी में हैं.**

बिहार चुनाव की तैयारियों पर नजर रखें भाजपाई रणनीतिकारों की मानें तो मौजूदा स्थिति में राहुल



गांधी ने जिस अंदाज में राजनीति आरंभ की है उसको उसी अंदाज में चुनौती देने के बजाय तर्कसंगत और तथ्यात्मक जवाब देना समय की मांग है. संभवतः इसी वजह से आक्रमकता का जवाब आक्रामकता से देने के पक्ष में ज्यादा केन्द्रीय नेता नहीं हैं बल्कि जनसंवाद के सहारे राहुल के आरोपों का बिंदूवार जवाब देने की तैयारी हो रही है. इतना ही नहीं जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर द्वारा भी जिस तरह से लगातार प्रदेश भाजपा के शीर्ष नेताओं पर आरोपों की बौछार की जा रही है उसको लेकर भी पार्टी रणनीतिकार चिंतन कर रहे हैं. चर्चा है कि भाजपा व जदयू पर हो रहे बहुकोणीय हमलों से कार्यकर्ताओं का मनोबल गिर रहा है इसलिए पार्टी रणनीतिकारों ने विधानसभा व ब्लाक स्तर पर कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित कर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ जमीनी स्तर पर विपक्षी आरोपों पर तार्किकता के साथ पलटवार करने के लिए उन्हें तैयार करने की रणनीति बनाई है.

> **विपक्षी दलों को घेरने की सिखाई जा रही रणनीति**
>
> इतना ही नहीं कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हुए विपक्षी दलों को घेरने की रणनीति भी जमीनी कार्यकर्ताओं को सिखाई जा रही है. बहरहाल, बिहार विधानसभा चुनाव को आरंभिक तौर पर आसान मान बैठे राजग रणनीतिकारों को राहुल व तेजस्वी के आक्रामक हमलों वाली जुगलबंदी परेशान कर रही है.

सूत्रों की मानें तो बिहार विधानसभा चुनाव में सत्ता विरोधी लहर और मजबूत और संगठित विरोधियों के हमलों से भाजपा व राजग को मौजूदा समय में नुकसान होता दिख रहा है. संभवतः इसी वजह से भाजपा व जदयू के नेता बिहार में पिछले 20 वर्षों में किए गए विकास की तुलना लालू यादव के राज से करके विपक्षी हमलों को कुंद करने के प्रयास के साथ-साथ डबल इंजन सरकार यानी केन्द्र व राज्य में एक ही गठबंधन की सरकार द्वारा किए जाने वाले विकास की यात्रा को मुख्य चुनावी बैतरणी बनाया जा रहा है.